





**सुश्री नटराजन को राज्यसभा की सीट आंवटित**

## मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि

**मंदसौर।** क्षेत्र की पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन को कांग्रेस आलाकमान ने राज्यसभा की सीट आवंटित की है। उन्हें यह अवसर दिया है। यह संसदीय क्षेत्र के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब वे कांग्रेस को एवं कार्यकर्ताओं को कितनी मजबूती दे पाएंगी यह आने वाला भविष्य बताएगा। मध्यप्रदेश से एक राज्यसभा सीट कांग्रेस को मिलेगी परन्तु आधा दर्जन वरिष्ठ नेता इसके लिये सपना संजोए हुए थे। घोषणा के बाद अब सभी की जिम्मेदारी है कि वे इस सीट को जिताएं।

कांग्रेस सुप्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. रघुवीरसिंह, साहित्यकार बालकवि बैरागी को राज्यसभा सदस्य बना चुकी है। जनसंघ बनाम जनता पार्टी बनाम भाजपा विमलकुमार चौरड़िया, वीरेन्द्रकुमार सकलेचा, रघुनंदन शर्मा को भी राज्यसभा में भेज चुकी है। श्री बंसीलाल गुर्जर वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में सात दशकों से कांग्रेस एवं भाजपा आमने सामने है। मुकाबले में कांग्रेस कमजोर है। तीसरे मोर्चे को कोई अवसर नहीं है। यह पिछला इतिहास भी बताता है। वीरेन्द्र कुमार सखलेचा जो मुख्यमंत्री रह चुके थे, पार्टी के टिकट न मिलने पर नया दल बनाने के बाद भी जीत नहीं सके। इस क्षेत्र के जनसंघ बनाम भाजपा के प्रमुख एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुशाभाऊ ठाकरे, के.सी. सुदर्शन, सुंदरलाल पटवा, डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे तथा कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्रीद्वय अर्जुनसिंह, दिग्विजयसिंह, पूर्व श्रममंत्री श्यामसुंदर पाटीदार, पूर्व गृहमंत्री भारतसिंह जावरा, पूर्व सांसद भंवरलाल नाहटा किरदार थे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इस क्षेत्र में इसलिये असफल रहे क्योंकि उनके अनुयायी प्रभावशील नहीं थे।

वर्तमान समय में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के अलावा भाजपा से लोकसभा सदस्य सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सदस्य श्री बंसीलाल गुर्जर तथा संसदीय क्षेत्र में 8 में 7 विधायक भाजपा के हैं जबकि कांग्रेस के एकमात्र विधायक विपिन जैन हैं। वर्ष 2027 में नगरपालिका, नगर परिषद, जिला पंचायत, जनपद, पंचायतों के चुनाव, वर्ष 2028 में विधानसभा तथा वर्ष 2029 में लोकसभा चुनाव हैं। कांग्रेस को लोकसभा में नया उम्मीदवार देना होगा। इन चुनावों में सफलता उसी दल को मिलेगी जो अपने गुटों एवं कार्यकर्ताओं में बिना गुटबाजी के बेहतर तालमेल बिठाएंगे।

## महा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ, रोपे जाएंगे 3100 पौधे



**मंदसौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर द्वारा एक अनूठी और अनुकरणीय पहल करते हुए दो दिवसीय महा पौधारोपण अभियान का गरिमापूर्ण शुभारंभ 5 जून को किया गया। 'एक पौधा, एक आशा, एक हरित भविष्य की परिकल्पना' के उद्देश्य के साथ शुरू हुआ यह पुनीत अभियान 5 और 6 जून तक निरंतर जारी रहेगा, जिसके तहत कुल 3100 पौधों का रोपण करने का संकल्प लिया गया है। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन महू-नीमच रोड, मंदसौर स्थित लायंस विजयलक्ष्मी उपवन में सुबह 8.30 बजे से किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) के एक्जेक्यूटिव इंजीनियर नितेश सुलिया ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है और लायंस क्लब का यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उद्योग केंद्र मंदसौर के प्रबंधक मंगल रेकवाल ने इस महा अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सौंप सकते हैं।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार ने अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया और इस दो दिवसीय अभियान की रूपरेखा व क्लब के सेवा संकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ लायन सदस्य विजय सुराणा ने भी अपने विशेष संबोधन में पर्यावरण चेतना को हर घर तक पहुँचाने की बात कही और सभी से इस महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में लायंस विजय लक्ष्मी उपवन संदीप धीग और आशीष गुप्ता का विशेष सहयोग रहा, जिनके अथक प्रयासों से इस वृहद स्तर के पौधारोपण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के समापन पर लायंस क्लब मंदसौर के सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ विक्रांत भावसार, डॉ प्रदीप चेलावत, मनोहर सोनगरा, मुकेश माहेश्वरी, राजेंद्र पामेचा, हस्तीमल जैन, ताराचंद जैसवानी, विजय सुराणा, लोकेंद्र धाकड़, अशोक रिजवानी, मारुति पोरवाल, डॉ के.सी. श्रीमाल, विकास भंडारी, डॉ सुरेश पमनानी, सुनील बाफना, राहुल नाहटा, कपिल नाहटा, जितेंद्र पोरवाल, संजय पोरवाल, डॉ अशोक सोलंकी, हर्षित सोनगरा, मयूर सुराणा, सौरभ बड़जात्या, जयंत चौधरी, पुष्पा चेलावत, नीलम जैसवानी, मीनल कुदार, मधुरम पोरवाल, सुरभी भंडारी आदि उपस्थित थे।

## वर्क संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर सीड बॉल का वितरण




**मन्दसौर। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्क संस्था सदस्यों द्वारा बस स्टैण्ड पर यात्रियों को एक हजार सीड बॉल का वितरण कर पेड़ लगाने का आव्हान किया।**

इस दौरान यात्रियों को संस्था सदस्यों ने बीज बॉल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान रास्ते में जहां कहीं खाली जमीन दिखे वहां इन बॉलों को फेंकना है ताकि जब बारिश होगी तो प्रकृति खुद इनमें शामिल बीज को उगाकर पेड़ का रूप दे देगी। वर्क संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर मन्सुरी ने बताया कि पैगम्बर मुहम्मद सल्ल. की शिक्षा 'यदि कोई व्यक्ति एक पेड़ लगाता है फिर उस पेड़ से जो कोई इंसान या जीव खाता है या कोई फायदा उठाता है ये पेड़ बोने वाले की तरफ से दान है' इस कथन अनुसरण करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर सीड बॉल का वितरण कर पर्यावरण के बारे सचेत किया और बीज बॉल बनाने की विधि बताई गई और पर्यावरण सम्बन्धित पेम्फ्लेट भी बांटे गए, संस्था विगत कई वर्षों से ये कार्य कर रही है जिससे लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु प्रेरित हो। बस ड्राइवरों और मुसाफिरों ने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर सलमा, तरन्नुम, भावेश बक्षी, कुणाल, फिरोज, आमीन, हिदाया और संस्था सदस्य मौजूद रहे।

## 2017 के किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को आज 6 जून को बही चौपाटी पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

**मंदसौर।** संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा आज 6 जून 2026, शनिवार को प्रात: 11 बजे बही चौपाटी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर वर्ष 2017 में किसान आंदोलन के दौरान अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए 6 अन्नदाताओं के बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। किसान नेता महेश व्यास लदुसा ने बताया कि इस श्रद्धांजलि सभा में मंदसौर और नीमच जिले के सभी वरिष्ठ किसान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2017 का वह दौर भारतीय कृषि इतिहास का एक अत्यंत भावुक और संघर्षपूर्ण अध्याय था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान बही चौपाटी पर उपस्थित सभी किसान नेता और क्षेत्रवासी शहीदों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की है कि वे आज समय पर बही चौपाटी पहुँचकर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें और किसान एकता का परिचय दें।

**एक नजर** | मंदसौर माहेश्वरी समाज की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न

## 23 जून को महेश नवमी महोत्सव उत्साह के साथ बनाने को लेकर चर्चा की



**मन्दसौर।** मंदसौर माहेश्वरी समाज की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में अत्यंत उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री महेश बंकट सोमानी ने की।

बैठक का शुभारंभ भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अध्यक्ष श्री महेश बंकट सोमानी ने अपने उद्बोधन में गत कार्यकाल के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की। आगामी 23 जून को तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव उत्साह के साथ मनाने के लिये विस्तार से चर्चा की उन्होंने समाज के सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता एवं सहयोग का आह्वान किया। साथ ही समाज का आय-व्यय विवरण भी विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। बैठक में संरक्षकगण मोहनलाल मण्डोवरा, प्रहलाद काबरा, रमेशचन्द्र लढ़ा, संयोजक कृष्णकुमार काबरा, मध्यप्रदेश माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष बाबूलाल डागा, उपाध्यक्ष हरिवल्लभ चौधरी, कैलाश सोमानी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम परवाल, संगठन मंत्री सुरेश कालानी, उत्सव मंत्री गंगाधर सोमानी, सहसचिव शैलेन्द्र गगरानी एवं महेश केसरीमल सोमानी, प्रचार मंत्री श्री सतीष सोमानी, प्रवक्ता राहुल सोनी सहित कार्यकारिणी के सदस्यगण बालाराम जेतलिया, मनोहरलाल मालपानी, घनश्याम झंवर, सुरेश सोमानी, कृष्णकुमार जाखेटिया, दिलीप सोमानी, बलराम चण्डक, श्यामसुन्दर सोमानी, जयप्रकाश सोमानी, गोपाल मुन्दड़ा, कुलदीप सोमानी, रमेश काबरा (दरबार), दिनेश मुन्दड़ा, पुष्कर सोमानी, दिनेश डागा तथा पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सचिव पंकज डागा ने किया तथा अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी सचिव पंकज डागा एवं प्रचार मंत्री सतीष सोमानी द्वारा प्रदान की गई।

# नीमच

### एक नजर में

## समान नागरिक संहिता के लिये गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक आज नीमच में

**नीमच।** मध्यप्रदेश में समान संहिता के संबंध मेंअध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रो.गोपाल शर्मा, शिक्षाविद की अध्यक्षता में जनपरामर्श हेतु बैठक आज 6 जून 2026 को प्रात: 11.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई है। एडीएम श्री बी.एस.कलेश ने बताया, कि इस जन परामर्श बैठक में माननीय सांसद, विधायक, सभी राजनैतिक दल, बार काउंसिल, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुडे गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठन तथा सभी समुदाय के प्रतिनिधियों एवं अन्य जन प्रतिनिधिगणों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रतिभागियों से समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव प्राप्त किए जाएगे। जिन्हें संकलित कर शासन को भेजा जावेगा। एडीएम ने सभी संबंधितों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

## दो पीडित परिवारों को आठ लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत दो पीडित परिवारों को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा श्रीमती किरण आंजना द्वारा भागलबुजुर्ग निवासी अरूण पिता भारत सिह की 15 मार्च 2026 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस निर्मलाबाई पति भारतसिह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।इसी तरह कुंदवासा निवासी संतोष बाई पति दशरथ मीणा की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतका के वारिस दशरथ पिता मन्नालाल, पुत्र पियुष पिता दशरथ को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृति की गई। तहसीलदार मनासा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर स्वीकृति के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किया गया था।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद सुभाष शाखा का सराहनीय प्रयास




**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा, नीमच द्वारा निपानिया आश्रम परिसर में 51 औषधीय एवं जड़ी-बूटी वाले पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों से भविष्य में जहां एक ओर छाया एवं हरित वातावरण प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियां भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर निपानिया गुरुजी का सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, पूर्व अध्यक्ष ललित राठी, महिला प्रमुख संध्या राठी, पूर्व महिला प्रमुख मीनाक्षी मालू, उपाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, पर्यावरण प्रमुख दशरथ नागदा, पर्यावरण प्रमुख प्रवीण जैन, मनीष माहेश्वरी दीपक ऐरन एवं वरिष्ठ सदस्य संतोष बंसल जी सहित अनेक परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

## झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग स्थापना को मिलेगी रफ्तार



**नीमच।** जिले के औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित साइट ऑफिस में निवेशकों एवं भूखंडधारकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री राजेश राठौड़ ने उद्योग स्थापना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए निवेशकों से अपनी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने का आह्वान किया, ताकि स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले और जिले की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिले।

**भूखंडों की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा:** बैठक में बताया गया कि झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में कुल 194 भूखंड आवंटित हो चुके हैं। इनमें से 89 प्लॉट पर 45 इकाइयां शुरू हो चुकी हैं जिनमें उत्पादन चल रहा है। इन इकाइयों के माध्यम से लगभग 2500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। 21 इकाइयों में फैक्टरी निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष भूखंडों पर भी उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को गति देने के लिए निवेशकों से विस्तृत चर्चा की गई।

**'निवेश का बेहतर माहौल बनाएं':** कार्यकारी संचालक श्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। निवेशक भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए उद्योग स्थापना में तेजी लाएं। 'औद्योगिक विकास किसी एक संस्था या विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें निवेशकों, उद्योगपतियों और प्रशासन की साझा भागीदारी आवश्यक है।' उन्होंने आग्रह किया कि निवेशक अपने उद्योगों की स्थापना में अनावश्यक विलंब न करें और निर्धारित समय-सीमा में परियोजनाओं को पूरा करें।

### विलंब करने वालों पर होगी कार्रवाई

श्री राठौड़ ने उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि 'औद्योगिक विकास में बाधक बनने या जमीन लेने के बाद भी प्लांट लगाने में कोताही बरतने वालों के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।' 'छोटे जिलों में भी तेज हो औद्योगिकीकरण': मुख्यमंत्री का विजन उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्पष्ट विजन है कि प्रदेश के छोटे और मध्यम जिलों में भी औद्योगिकीकरण की गति तेज हो। इसी सोच के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र भी इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक में मौजूद निवेशकों ने एमपीआईडीसी की इस पहल का स्वागत करते हुए उद्योग स्थापना के कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया और माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार जिले के औद्योगिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया।




## कलेक्टर की अध्यक्षता में एपीसी समूह की समीक्षा बैठक

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में शुक्रवार को ए.पी.सी.समूह कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, दुग्ध संघ, सहकारिता, पशुपालन आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने ए.पी.सी.समूह में शामिल सभी विभागों की योजनाओं विभागीय गतिविधियों की प्रगति के पावर प्रजेन्टेशन को एक-एक कर देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित सभी संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने पी.एम.एफ.एम.ई.योजना के तहत हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करते समय उन्हें एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड का लाभ लेने हेतु प्रेरित कर लाभांवित करवाने के निर्देश दिए, जिससे, कि हितग्राहियों को ईकाई स्थापना के लिए अतिरिक्त लाभ मिल सकें। कलेक्टर ने कृषि उपज मण्डी प्रांगण में किसानों की सुविधा के लिए उपज की क्लीनिंग ग्रेडिंग एवं पेकेजिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव भी तैयार कर भिजवाने के निर्देश मण्डी सचिव को दिए।

बैठक में कृत्रिम गर्भाधान, हिरण्यगर्भा योजना, डॉ.भीमराव अम्बेडर, कामधेनु योजना, फसल बीमा योजना, की समीक्षा की तथा खरीफ के पूर्व मिट्टी के नमूने लेकर उनका परीक्षण करवाने और सोसायटी में गत वर्ष की खपत अनुसार इस वर्ष भी उर्वरक का भण्डारण एवं वितरण की व्यवस्था करने, महागढ़, कृषि फार्म की जमीन

**एक नजर** | भाटखेड़ी बुजुर्ग पंचायत बनी जी.वी.पी. मुक्त, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से बदली तस्वीर, अन्य पंचायतों के लिए बना प्रेरणा स्त्रोत

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत हटाया पुराना कचरा, बनाया आकर्षक पिकनिक स्पॉट



**नीमच।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए गांव को जी.वी.पी. मुक्त कर दिया है। वर्षों से पानी की टंकी एवं नाले के पास बने कचरा पाइंट (जी.वी.पी. पॉइंट) को हटाकर ग्राम पंचायत ने अब उसे एक सुंदर 'पिकनिक स्पॉट' के रूप में विकसित कर दिया है।

कचरे के ढेर से पिकनिक स्पॉट तक का सफर: गांव में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था एवं पानी की टंकी के पास वर्षों से खाली पड़ी जगह को ग्रामीणों ने कचरा अड्डा बना रखा था। मुख्य चौराहे पर होने से यहां दिनभर कचरे की बदबू, मच्छर-मक्खियों का प्रकोप रहता था। बारिश में नाला चौक होने से गंदा पानी कचरे सहित घरों में घुस जाता था।

सरपंच श्री मनोज पुरोहित और सचिव श्री गोपाल मेहता ने इसके स्थाई हल की योजना बनाई। सफाई मित्रों और जेसीबी की सहायता से जीवीपी पॉइंट को हटाया। कचरे के ढेर के बीच बनी कुईयां के आसपास सफाई कर बाउंड्रीवाल से कवर कर चारों तरफ लोहे की रैलिंग लगाई गई। फर्श पर पेवर ब्लॉक, बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां लगाई। कुईयां को ढककर उसके ऊपर महादेव की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति के पीछे की दीवार पर कैलाश पर्वत की डिजाइन में आकर्षक पेंटिंग की गई। ग्राम पंचायत सचिव श्री गोपाल मेहता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि विकसित स्थल का नाम 'पिपलेश्वर महादेव' रखा गया है। वर्तमान में यह पिकनिक स्पॉट लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सुबह-शाम बच्चे, युवा और बुजुर्ग यहां पहुंचते हैं। गंदगी हटने से वहां लगे पीपल के पेड़ की अब पूजा होने लगी है। महिलाएं जल चढ़ाने आती हैं।

**डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से आया बदलाव:** सरपंच मनोज पुरोहित ने बताया कि पंचायत को जीवीपी मुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों को खुले में कचरा न फेंकने और सही निपटारे की जानकारी दी गई। घर-घर कचरा संग्रहण हेतु पंचायत का मिनी ट्रैक्टर रोजाना सुबह गांव में निकलता है और सूखा-गीला कचरा

### एनजीओ का मिला सहयोग:

गांव के एन.जी.ओ. 'विश्वकर्माजी सोशल केयर एसोसिएशन' ने भी स्वच्छता के क्षेत्र में पंचायत का सहयोग किया। संस्था के डायरेक्टर श्री कमलेश कारपेंटर एवं पंचायत ने भाटखेड़ी बुजुर्ग को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने तथा कचरा सेग्रीगेशन शेड को नियमित संचालित करने की योजना बनाई है। यह प्रयोग अब दूसरी ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बना है।